दिनांक : 29.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025–2026 पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति और भविष्य के नज़रिए की एक पूरी समीक्षा है। बाद में, सदन को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गय। एक फरवरी को फिर से बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय बजट 2026–2027 पेश किया जाएगा। इससे पहले, आज संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए आने वाले साल महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने सभी से राष्ट्र के विकास के लिए रचनात्मक रूप से कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र और जनसांख्यिकी विश्व के लिए आशा की किरण हैं।

..............

000

प्रदेश के आबादी क्षेत्र में वन्यजीवों के घूमने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जल्द ही हेल्पलाइन नम्बर जारी किया जाएगा। पर्यावरण और वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने आज विधानसभा में विधायक कालीचरण सराफ के तारांकित प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से हेल्पलाइन नम्बर 1 9 2 6 को एक महीने के अंदर शुरू किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि एक एसओपी भी जारी की जाएगी। इसके लिए अन्य राज्यों में की गई व्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दिल्ली प्रवास के दूसरे दिन आज केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराजसिंह चौहान से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने राजस्थान के लिए मटेरियल कंपोनेंट के तहत 825 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करने पर कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया। श्री चौहान ने अग्रिम किस्त का जल्द भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रदेश में कृषि सुधारों, ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं तथा किसानों के उत्थान से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

000

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का आज अंतिम संस्कार किया गया। बारामती के विद्या प्रतिष्ठान मैदान में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

000

भरतपुर में आगरा–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तड़के एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। ये दुर्घटना सेवर क्षेत्र में लुधावई पुलिया के पास हुई, जहां एक स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। ये बस उत्तर–प्रदेश के कासगंज से जयपुर आ रही थी। हादसा घने कोहरे कारण हुआ। उधर, सलूंबर की ईसरवास ग्राम पंचायत के मानपुरा क्षेत्र में कल एक निर्माणाधीन एनीकट के ढहने से दो मजदूरों की मृत्यु हो गई। हादसे में तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये।

000

77वें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में बीटिंग रिट्रीट समारोह होगा। विजय चौक पर होने वाले इस समारोह में भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड प्रस्तुति देंगे। इस बीच, गणतंत्र दिवस परेड 2026 के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल और झांकियों के नतीजों की घोषणा कर दी गई है। मायगॉव पोर्टल पर पॉपुलर चॉइस अवाड्र्स में झांकियों की श्रेणी में राजस्थान की झांकी को तीसरा स्थान मिला है। गौरतलब है कि झांकी में बीकानेर की उस्ता कला को प्रदर्शित किया गया था।

000

प्रदेश में तेज़ सर्दी का दौर जारी है। दिन और रात के तापमान में गिरावट से ठंड का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में दस शहरों में रात का पारा 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। 3 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ माउंट आबू सबसे ठंडा स्थान रहा।